कार्यालय निदेशक / वन संरक्षक, नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व, गोपेश्वर
Email: dirndbr-forest-uk@nic.in. Off. Ph.&fax-01372-252497
उत्तराखण्ड वन्यजीव हेल्पलाईन न0 18008909715 (टोल फ्री)

पत्रांक 979 /12-1, गोपेश्वर दिनांक 19 अक्टूबर, 2023

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

विषय :– जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र के बद्रीनाथ के विकासखण्ड पोखरी के अन्तर्गत थलगढ़ – डांडौ मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.8235 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भ :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून का पत्रांक 643 / 12–1, दिनांक 03–10–2023.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र जो आपको सम्बोधित एवं अन्य के साथ इस कार्यालय को भी पृष्ठांकित है का अवलोकन करें। इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रश्नगत् प्रकरण में उच्च स्तर से लगाई गई आपत्तियों का शीघ्र निराकरण करते हुए सम्बन्धित स्तर को प्रेषित कर इस कार्यालय को भी सूचित करना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– यथोपरि।

भवदीय,

(धर्म सिंह मीणा)
निदेशक / वन संरक्षक,
नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व, गोपेश्वर।

O/C

Received 16/10/23

कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com, Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक– 643 /12–1 देहरादूनः दिनांकः 03 अक्टूबर, 2023

वन संरक्षक/निदेशक
नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व गोपेश्वर
पंजी संख्या....1894....
पत्रावली संख्या....12-1....
दिनांक 16/10/23

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव वन
प्रभाग, गोपेश्वर।

विषय :– जनपद–चमोली के विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के विकासखण्ड पोखरी के अन्तर्गत थलगढ़–डाडौं मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.8235 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
(ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या– FP/UK/ROAD/150462/2021)

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगतनीय है कि प्रश्नगत प्रकरण में निर्गत आपत्तियों की सूचना आपके पत्रांक 1722/12–1 दिनांक 20.09.2023 के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की गई है, जो कि अपूर्ण है। अतः सूचना निम्नानुसार उपलब्ध करायी जानी है :–

1. प्रस्तावित परियोजना केदारनाथ वन्यजीव विहार की सीमा से 2.3 किमी0 के अन्दर स्थित है, उक्त के क्रम में मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, उत्तराखण्ड देहरादून का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्ताव में संलग्न करने का कष्ट करें।
2. परियोजना निर्माण से उत्सर्जित मलवा निस्तारण हेतु चिन्हित स्थलों को मानचित्र पर दर्शाते हुये विस्तृत मलवा निस्तारण योजना प्रेषित करने का कष्ट करें।

अतः उपरोक्तानुसार वांछित ऑपत्तियों का निराकरण कर सूचना/प्रमाण–पत्र एवं प्रस्ताव हार्ड प्रतियों में उक्त कमियों का पूर्णतः निराकरण कर अपनी पूर्ण संस्तुति के उपरान्त ही इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

03/10

(आर0के0 मिश्र)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

D/man
आ0 का0 करें।

वनसंरक्षक

संख्या :–643 /12–1 दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक/वन संरक्षक, नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व, गोपेश्वर।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, पोखरी।

(आर0के0 मिश्र)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।